
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

31 अगस्त 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार



भाग्य में विश्वास मत करो कड़ी मेहनत में विश्वास करो एक दिन कामयाबी तुम्हारी होगी।

एपीजे अब्दुल कलाम

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 31.08.2026

## मिश्रित शिक्षण पद्धति

**मिश्रित शिक्षण वह शिक्षण पद्धति है जिसमें पारंपरिक कक्षा शिक्षण (ऑफलाइन) और ऑनलाइन/डिजिटल शिक्षण दोनों का समन्वय करके विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है। कक्षा में शिक्षक द्वारा पढ़ाना + इंटरनेट/डिजिटल माध्यम से सीखना = मिश्रित शिक्षण। शिक्षक कक्षा में किसी विषय को समझाते हैं और फिर विद्यार्थियों को उसी विषय का वीडियो, ऑनलाइन क्विज या डिजिटल सामग्री अभ्यास के लिए देते हैं।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भारतीय सेना के **पैरा स्पेशल फोर्सेस** के अधिकारी मेजर ऋषभ सिंह सांब्याल अपने बेहतरीन **लुक्स** और **अनुशासित व्यक्तित्व** के कारण गूगल ट्रेंड्स पर भारत के सबसे ज़्यादा **सर्च** किए जाने वाले सेवारत सैन्य **अधिकारियों** में से एक बन चुके हैं।

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

# अमृता प्रीतम

(31 अगस्त 1919 – 31 अक्टूबर 2005)

**भारतीय उपन्यासकार, निबंधकार और कवयित्री**

- अमृता प्रीतम पंजाबी और हिंदी साहित्य की प्रमुख हस्ती थीं।
- उन्हें 1956 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उनकी प्रसिद्ध कविता 'अज्ज आखां वारिस शाह नु' विभाजन की पीड़ा की मार्मिक अभिव्यक्ति है।
- उनका उपन्यास 'पिंजर' (1950) स्त्री जीवन, हिंसा और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त चित्रण है।



## प्रमुख रचनाएँ

- पिंजर (उपन्यास, 1950)
- कोरे कागज़ (कविता संग्रह, 1963)
- सुनहड़े (कविता संग्रह, 1965)
- रसीदी टिकट (कविता संग्रह, 1976)
- कागज़ ते कैनवास (निबंध, 1981)

## सम्मान

- साहित्य अकादमी पुरस्कार (1956)
- पद्म श्री (1969)
- भारतीय ज्ञानपीठ सम्मान (1981)
- सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार (1982)
- पंजाब रत्न (1988)

"मै तेनूं फेर मिलांगी
किसे होर जनम विच, किसी होर रूप विच,
किसे होर नाम नाल।"
– अमृता प्रीतम



# 31 अगस्त का ऐतिहासिक महत्व






मधु प्रिया

## 31 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएँ

**1881** अमेरिका में पहली बार टेनिस चैंपियनशिप खेला गया।


**1920** अमेरिकी शहर डेट्रायट में रेडियो पर पहली बार समाचार प्रसारित किया गया।


**1956** भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राज्य पुनर्गठन विधेयक को मंजुरी दी।


**1959** अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी सैंडी कुफ़ैक्स ने एक नेशनल लीग रिकॉर्ड बनाया।



**1962** कैरेबियाई देश टोबैगो एवं त्रिनिदाद ब्रिटेन से स्वतंत्र हुए।


**1964** कैलिफोर्गिया आधिकारिक रूप से अमेरिका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रांत बना।


**1968** भारत में टू-स्टेज राउंडिंग रॉकेट रोहिणी-एमएसवी 1 का सफल प्रक्षेपण किया गया।


**1983** भारत के उपग्रह इनसेट-1 बी को अमेरिका के अंतरिक्ष शटल चैलेंजर से प्रसारित किया गया।


**1990** पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी ने राजनीतिक और कानूनी व्यवस्था के तालमेल के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किए।


**1991** उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान ने सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।


**1993** रूस ने लिथुआनिया से अपने आखिरी सैनिकों को वापस बुलाया।


**1995** पहली बार एमनेस्टी इंटरनेशनल ने चीन में मानवाधिकार पर आपत्ति दर्ज किया।

**1996** ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने भी भारत की तर्ज पर सी.टी.बी.टी. के उस प्रावधान का विरोध किया, जिसमें निरस्त्रीकरण सम्मेलन के सदस्य देशों को संधि पर हस्ताक्षर करना आवश्यक है।

**1997** ब्रिटेन की राजकुमारी और राजकुमार चार्ल्स की पूर्व पत्नी डायना की पेरिस में कार दुर्घटना में मृत्यु।


**1998**
- राष्ट्रपति येल्तसिन द्वारा नियुक्त प्रधानमंत्री विक्टर चेर्नामिर्दिन की नियुक्ति को रूसी संसद निन सदन डयुमा ने अस्वीकृत किया।
- उत्तरी कोरिया ने जापान पर बैलिस्टिक मिसाइल दागा।




**1999** पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता के लिए शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न जनमत संग्रह पर संयुक्त राष्ट्र और पश्चिमी देशों ने संतोष जताया।


**2002** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया।


**2004** इतालवी जनरल गिदो पामोरी को भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक समूह का एक साल के लिए प्रधान सैन्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया।


**2005** ईराक की राजधानी बगदाद में धार्मिक अवसर पर फ़िदायीन हमले के भय से मची भगदड़ में 816 लोग मारे गये।


**2007** ब्रिटेन में प्रिंस डायना की 10वीं वर्षगांठ मनायी गयी।


**2008** सरकार ने अमरनाथ भूमि विवाद सुलझाया।


**2009**
- जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय परिषद के नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में शरद यादव को पुनः सर्वसहमति से पार्टी का अध्यक्ष चुन लिया गया।
- भारत के सामाजिक कार्यकर्ता दीप जोशी सहित एशिया की छः हस्तियों को वर्ष 2009 के 'रेमन मैग्सेसे पुरस्कार' से 31 अगस्त को मनीला में सम्मानित किया गया।



## 31 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

**1919** **अमृता प्रीतम** – प्रसिद्ध कवयित्री, उपन्यासकार और निबंधकार



**1962** **पल्लम राजू** – एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ


**1963** **ऋतुपर्णो घोष** – बंगाली फ़िल्मों के प्रसिद्ध निर्देशक, लेखक और अभिनेता।


**1940** **शिवाजी सावंत** – मराठी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार।


**1871** **सैयद हसन इमाम** – भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष


## 31 अगस्त को हुए निधन

**2020** **प्रणब मुखर्जी** – भारत के 13वें राष्ट्रपति, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे थे।


**2016** **कश्मीरी लाल ज़ाकिर** – पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात उर्दु कवि।


**2003** **विजयशंकर मल्ल** – इन्होंने भारतेंदु काल के गद्य को "हंसमुख गद्य" की संज्ञा दी थी।


**1995** **बेअंत सिंह** – पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे।


**1982** **गोपाल स्वरूप पाठक** – भारत के भूतपूर्व उपराष्ट्रपति थे।


www.teachersofbihar.org

# BCCI का 'वन-वर्ल्ड कप' नियम क्या है?

## नियम कब लागू हुआ?

- BCCI ने 2016 में यह नियम लागू किया।
- एक खिलाड़ी सिर्फ एक अंडर-19 वर्ल्ड कप खेल सकता है।

## नियम क्यों बनाया गया?

- ज्यादा से ज्यादा युवा खिलाड़ियों को मौका देना।
- नए टैलेंट को इंटरनेशनल मंच देना।
- जूनियर क्रिकेट में रोटेशन को बढ़ावा देना।

## युवा खिलाड़ियों पर असर

- एक बार U-19 वर्ल्ड कप खेलने के बाद दोबारा मौका नहीं मिलता।
- उम्र सीमा के अंदर होने के बावजूद खिलाड़ी अगले वर्ल्ड कप के लिए पात्र नहीं रहता।
- खिलाड़ियों को जल्दी सीनियर और घरेलू क्रिकेट पर फोकस करना पड़ता है।

**नोट-** वैभव सूर्यवंशी पहले ही U-19 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं, इसलिए वे भविष्य के U-19 वर्ल्ड कप में नहीं खेल पाएंगे।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# आज का ToB क्वीज..




★ सोचिए, समझिए और सही उत्तर चुनिए ! ★

## Q मानव शरीर के सबसे बड़ी हड्डी का नाम क्या है ?





**फीमर (Femur)**
यह जांघ (थाई) में स्थित होती है और शरीर की **सबसे लंबी, सबसे मजबूत** और **सबसे बड़ी** हडी है।

**A** टिबिया (Tibia)

**B** फीमर (Femur)

**C** ह्यूमरस (Humerus)

**D** रेडियस (Radius)


### क्या आप जानते हैं ?

- फीमर की औसत लंबाई लगभग **45 से 50 सेमी** तक होती है।
- यह शरीर का भार सहने, चलने, दौड़ने और कूदने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- यह हडी हमारे शरीर की **सबसे मजबूत हडियों में से** एक है।
- फीमर के ऊपर का सिरा (Head) कूल्हे की हडी से जुड़ा होता है।

"ज्ञान ही शक्ति है, और सही ज्ञान ही सफलता की कुंजी है।"

प्रतिदिन एक नया प्रश्न | ज्ञान बढ़ाएं | आत्मविश्वास बढ़ाएं | जीत की ओर कदम बढ़ाएं

www.teachersofbihar.org | – संजय कुमार


शब्दों से समाज का आईना दिखाने वाले
विचारों के सच्चे साहित्यकार
भारतीय कवि, उपन्यासकार, नाटककार
और उर्दू साहित्य के लचु कथाकार
कश्मीरी लाल
ज़ाकिर
7 अप्रैल 1919 – 31 अगस्त 2016
की
पुण्यतिथि
पर विनम्र श्रद्धांजलि
"सच्चा साहित्य
समाज को बेहतर बनाने की
ताकत रखता है।"
– कश्मीरी लाल ज़ाकिर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कविता
उपन्यास
नाटक
उर्दू साहित्य
www .teachersofbijar.org
आपकी साहित्यिक विरासत
हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।
साहित्य
संवेदना
समाज
सादर
नमन
Madhu priya

" शिक्षा ही वह साधन है, जिससे
व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का
सच्चा विकास संभव है। "



भारत के पूर्व राष्ट्रपति

# प्रणब मुखर्जी

( 11 दिसम्बर 1935 – 31 अगस्त 2020 )

## की पुण्यतिथि पर
## भावपूर्ण श्रद्धांजलि

वे एक कुशल राजनेता, विद्वान विचारक, प्रखर वक्ता और अद्भुत प्रशासक थे। उन्होंने अपने दीर्घ सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र की सेवा, लोकतंत्र की मजबूती और भारत के विकास में अमूल्य योगदान दिया।

भारत के 13वें
राष्ट्रपति
( 2012 – 2017 )

प्रख्यात लेखक
और विद्वान

कुशल संसदीय नेता
और प्रशासक

भारत के आर्थिक सुधारों
में महत्वपूर्ण भूमिका

www .teachersofbihar.org

आपका जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा, विनम्रता और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

**विनम्र श्रद्धांजलि**

Madhu priya

# भावभीनी श्रद्धांजलि



# प्रणब मुखर्जी

**11 दिसंबर 1935 - 31 अगस्त 2020**

## पुण्यतिथि - 31 अगस्त

**भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति एवं कुशल राजनीतिज्ञ**
**श्री प्रणब मुखर्जी की पुण्यतिथि पर**
**उन्हें कोटि-कोटि नमन।**
**देश के विकास और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में**
**उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।**

सादर नमन

राकेश कुमार

**www.teacersofbihar.org**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




**प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया**
**फारबिसगंज, अररिया**

www.teachersofbihar.org

**MRITUNJAY KUMAR**

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय
कुढ़नी, मुजफ्फरपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



मध्य विद्यालय कोआही
रुन्नीसैदपुर, सीतामढ़ी

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुलीपाड़ा
मनिहारी, कटिहार

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR